# विषय-सूची

**Semester-I**

## समाजशास्त्र

**[EXPLORING SOCIOLOGY]**


| अध्याय | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | समाजशास्त्र तथा दर्शनशास्त्र, वैश्विक समाजशास्त्र का इतिहास और विकास, भारतीय समाजशास्त्र का इतिहास एवं विकास, सांस्कृतिक नृवंशविज्ञान/नृजाति वृत्तांत<br>[SOCIOLOGY AND PHILOSOPHY, HISTORY AND DEVELOPMENT OF GLOBAL SOCIOLOGY, HISTORY AND DEVELOPMENT OF INDIAN SOCIOLOGY, CULTURAL ETHNOGRAPHY] | 3 |
| 2. | समाजशास्त्र और अन्य सामाजिक विज्ञान<br>[SOCIOLOGY AND OTHER SOCIAL SCIENCES] | 18 |
| 3. | समाजशास्त्र के उद्देश्य : सार्वजनिक समाजशास्त्र, उग्रवादी/विवेचनात्मक समाजशास्त्र, नव समाजशास्त्र<br>[PURPOSES OF SOCIOLOGY : PUBLIC SOCIOLOGY, RADICAL/CRITICAL SOCIOLOGY, NEW SOCIOLOGY] | 27 |
| 4. | एक पेशे के रूप में समाजशास्त्र<br>[SOCIOLOGY AS A PROFESSION] | 36 |
| 5. | समाजशास्त्र की भूमिका एवं महत्व<br>[ROLE AND IMPORTANCE OF SOCIOLOGY] | 40 |
| 6. | समाजशास्त्रीय पद्धतियां (ऐतिहासिक, उद्‌विकासीय, तुलनात्मक एवं आनुभविक)<br>[SOCIOLOGICAL METHODS (HISTORICAL, EVOLUTIONARY, COMPARATIVE AND EMPIRICAL)] | 45 |
| 7. | समाज<br>[SOCIETY] | 60 |
| 8. | समाज और समाज की टाइपोलॉजी : हर्बर्ट स्पेन्सर, इमाइल दुर्खीम और कार्ल मार्क्स<br>[THE SOCIETY AND TYPOLOGY OF SOCIETY : HERBERT SPENCER, EMILE DURKHEIM AND KARL MARX] | 70 |
| 9. | समुदाय<br>[COMMUNITY] | 74 |
| 10. | गैमिनशाफ्ट, गैसेलशाफ्ट, कल्पित समुदाय तथा आभासी समाज<br>[GEMEINSCHAFT, GESELLSCHAFT, IMAGINED COMMUNITY AND VIRTUAL SOCIETY] | 79 |

## समाजशास्त्र में मूलभूत अवधारणाएं
### [BASIC CONCEPTS IN SOCIOLOGY]


1. सामाजिक संरचना ........ 3
[SOCIAL STRUCTURE]
2. संस्था ........ 11
[INSTITUTION]
3. सामाजिक व्यवस्था ........ 19
[SOCIAL SYSTEM]
4. सामाजिक समूह ........ 26
[SOCIAL GROUPS]
5. प्रस्थिति तथा भूमिका ........ 43
[STATUS AND ROLE]
6. संस्कृति ........ 54
[CULTURE]
7. सामाजिक प्रतिमान (मानदण्ड) तथा मूल्य ........ 69
[SOCIAL NORMS AND VALUES]
8. समाजीकरण : अवधारणा, संस्थाएं, सिद्धान्त एवं भावना ........ 89
[SOCIALIZATION : CONCEPT, AGENCIES, THEORIES AND INDOCTRINATION]
9. सामाजिक स्तरीकरण : अवधारणा स्वरूप तथा सिद्धान्त ........ 109
[SOCIAL STRATIFICATION : CONCEPT, FORMS AND THEORIES]
10. सामाजिक परिवर्तन का अर्थ ........ 126
[MEANING OF SOCIAL CHANGE]
11. सामाजिक परिवर्तन के प्रकार ........ 136
[TYPES OF SOCIAL CHANGE]
12. सामाजिक परिवर्तन के सिद्धान्त ........ 151
[THEORIES OF SOCIAL CHANGE]
13. सामाजिक गतिशीलता : अवधारणा, स्वरूप तथा सिद्धान्त ........ 157
[SOCIAL MOBILITY : CONCEPT, FORMS AND THEORIES]
14. सामाजिक नियन्त्रण : अवधारणा, अभिकरण, घटक ........ 167
[SOCIAL CONTROL : CONCEPT, FACTOR, AGENCIES]
15. सामाजिक नियन्त्रण के सिद्धान्त ........ 186
[THEORIES OF SOCIAL CONTROL]
16. सामाजिक अन्तःक्रिया (सहयोगात्मक सामाजिक प्रक्रियाएं, सहयोग, एकीकरण, समायोजन, आत्मसात एवं पर-संस्कृतिग्रहण) ........ 191
[SOCIAL INTERACTION (ASSOCIATIVE SOCIAL PROCESSES, CO-OPERATION, INTEGRATION, ACCOMMODATION, ASSIMILATION AND ACCULTURATION)]
17. असहयोगात्मक प्रक्रियाएं (प्रतिस्पर्द्धा, संघर्ष एवं प्रतिकूलन) ........ 211
[DISSOCIATIVE PROCESSES (COMPETITION, CONFLICT AND CONTRAVENTION)]

Subject

Date : __/__/__

## समाजशास्त्र तथा दर्शनशास्त्र

समाजशास्त्र और दार्शनिक दर्शनशास्त्र एक - दूसरे से घनिष्ठ रूप से सम्बंधित है।

**सेलर्स के अनुसार :-**

दर्शनशास्त्र एक व्यवस्थित विचार या चिन्तन के माध्यम से संसार और मनुष्य की प्रकृति के बारे में पूरी जानकारी व प्राप्त करने का लगातार प्रयास करते है। इस प्रकार दर्शनशास्त्र संसार और मनुष्य की प्रकृति दर्शनशास्त्र को समझने का एक प्रयत्न करते है। और इस प्रयत्न में समाजशास्त्र का भी काफी योगदान होता है। दर्शनशास्त्र में तर्क एवं कल्पना का प्रमुख रूप सहारा लिया जाता है। तर्क एवं कल्पना के आधार पर ही जनरीतियां, प्रथाओं, रूढ़ियों, व परम्पराओं का विकास हुआ। इन सब का अध्ययन समाजशास्त्र करता है।

दर्शनशास्त्र सामाजिक आदर्शों एवं मूल्यों का अध्ययन करता है समाजशास्त्र इनका अध्ययन सामाजिक पृष्ठभूमि में करता है, समाजशास्त्र सामाजिक आदर्श एवं मूल्य को ध्यान में रखकर ही समूह या समाज में व्यक्ति के व्यवहार का मूल्यांकन करता है।

**मैकाइवर के अनुसार :-**

समाजशास्त्र में सामाजिक मूल्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि बिना मूल्य के समाज को नहीं समझा जा सकता। समाजशास्त्र का दृष्टिकोण वैज्ञानिक होने के साथ कल्याणकारी भी होता है उसे स्वनोमुखी कहा जाता है।

**किलफोर्ड के अनुसार :-** नृवंश विज्ञान को एक संस्कृति

Subject ______ Date: __/__/____

के मोटे विवरण के रूप मे परिभाषित किया। इसमे संस्कृति के प्रथाओ और मान्यताओ को गहराई से समझना और प्रतीको को व्याख्या करने पर बल दिया है।

* नृवंश विज्ञान के प्रकार :-

(i) सांस्कृतिक नृवंश विज्ञान :-

इसमे किसी विशेष संस्कृति या समुदायो का अध्ययन किया जाता है इसका उद्देश्य लोगो के विशिष्ट समूह के रीति-रिवाज परम्परागो विश्वास प्रथा का विस्तृत विवरण और विश्लेषण करता है।

(ii) ऐतिहासिक नृवंश विज्ञान :-

इसमे ऐतिहासिक विश्लेषण के साथ नृवंश विज्ञान अनुसंधान को जोडना है, इसमें शोधकर्ता क्षेत्रीय कार्य करने के अतिरिक्त ऐतिहासिक अभिलेखो दस्तावेजों, कला कृतियो का अध्ययन करके यह जांचते कि समय के साथ संस्कृति या समाज मे बदलाव कैसे आया।

(iii) चिकित्सा नृवंश विज्ञान :-

इसमे चिकित्सा के क्षेत्र मे गुणात्मक अध्ययन करने के लिए उपयोग मे लाया जाता है। रोगियो के व्यवहार एवं चिकित्सा पद्धति का अध्ययन इसके अन्तर्गत किया जाता है। रोगियो के सम्पूर्ण अनुभव के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर समस्याओ के निवारण हेतु सम्पूर्ण कदम उठाये जा सकेंगे।

Subject ____ Date: __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

शैक्षिक नृवंश विज्ञान :– इसके अन्तर्गत सीखने व सिखाने के तरीकों का निरक्षण किया जाता है शोधकर्ता शैक्षिक प्रेणाओं सिखने के स्वभाव और छात्र व्यवहार व दृष्टि कोणु का अध्ययन करता है इस प्रकार के अध्ययनों कि सहायता से । शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम व शैक्षिक व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है।

व्यवसाय नृवंश विज्ञान :- इसमे लोगो के बाजार लक्ष्य एवं उपभोक्ता को समझने का प्रयास किया जाता है इसमे नृवंश, विज्ञान व्यक्ति बाजार मांगो का पता लगाने मे सफल हो जाता है इस प्रकार के अध्ययन से व्यवसाय संगठन अपने ग्राहको कि जरूतो व आवश्यकता को पहचान कर अपने उत्पादों का निर्माण एवं उनमें परिवर्तन कर सकते है।

Q.1 समाज शास्त्र को परिभाषित कीजिए समाजशास्त्र के क्षेत्र व विषयवस्तु कि विवेचना कीजिए।

उत्तर परिभाषा :- अधिकतर समाजशास्त्री यह स्वीकार करते है समाजशास्त्र समाज का विज्ञान है परन्तु फिर भी उन सभी के दृष्टिकोण में समानता नही है विभिन्न समाजशास्त्री ने भिन्न-भिन्न प्रकार से समाज शास्त्र कि परिभाषा चार धारों पर दि गई है।

1. समाज के अध्ययन के रूप में समाजशास्त्र :- इसके अन्तर्गत वह समाज शास्त्री है जो समाजशास्त्र को समाज का विज्ञान मानते है उनके अनुसार समाज शास्त्र पूर्ण समाज शास्त्र एक समूह (व्यापक) इकाई के रूप में है क्रमबद्ध अध्ययन करता है।

Subject ______ Date : __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

→ गिडिंग्स के अनुसार :-
समाज शास्त्र व्यापक रूप है समाज का व्यवस्थित वर्णन एवं व्याख्या है।

→ ओडम के अनुसार :-
समाज शास्त्र वह विज्ञान है जो समाज का अध्ययन करता है।

→ गिन्स बर्ग के अनुसार :-
समाज शास्त्र समाज के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

– उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि समाज शास्त्र समाज का अध्ययन वैज्ञानिक ढंग से करता है।

समाज शास्त्र का उद्देश्य :-
समाजशास्त्र का उद्देश्य समाज के इसी एक अंग का अध्ययन करना नहीं बल्कि इसमें सम्पूर्ण समाज को एक इकाई मानकर अध्ययन किया जाता है समाजशास्त्र समाज में निहित आन्तरिक सम्बन्धों संस्थाओं एवं मानव समाज का अध्ययन करने वाला विज्ञान इसका उद्देश्य सामाजिक व्यवस्था और दुव्यवस्था कि व्याख्या करना है। समाजशास्त्र केवल हमारे ज्ञान में वृद्धि नहीं करता बल्कि सामाजिक घटनाओं का विस्तृत अध्ययन करने में भी हमारी मदद करता है। सम्पूर्ण समाज का व्यवस्थित अध्ययन इसके अन्तर्गत किया जाता है। अतः समाज शास्त्र का मुख्य उद्देश्य भारतीय समाज कि संरचना संघटन विकास और चुनौतियों का अध्ययन करके समाज में सुधार करने के लिए विज्ञान के रूप में ज्ञान प्रदान करना होता है।

Subject ______ Date: __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

समाज की संरचना का अध्ययन :-

समाज शास्त्र कि शाखा सामाजिक आकृति विज्ञान, समाज कि आकृति, स्वरूप या आकार को प्रभावित करने वाले विशेषताओं का अध्ययन करते है इसमें जनसंख्या के गुण, आकार, सामाजिक संस्थाओं, सामाजिक स्वरूप आदि का अध्ययन किया जाता है। जो सामाजिक संरचना का निर्माण करता है।

सामाजिक प्रक्रियाओं समस्याओ का अध्ययन :-

समाज शास्त्र मे विद्यमान सामाजिक समस्याओं जैसे - जातिवाद, बालविवाह का पराद, आत्महत्या, दहेज, निर्धनता, आदि का अध्ययन करता है तथा इन समस्याओ के समाधान हेतु मार्ग दर्शन प्रदान करता है।

सामाजिक प्रक्रियाओ का अध्ययन :-

विभिन्न सामाजिक प्रक्रिया जैसे - संयोग, संघर्ष, प्रतिस्पर्धा, प्रभुत्व, आदि का अध्ययन किया जाता है जो विभिन्न समूह और विभिन्न व्यक्तियो मे पाया जाता है

सामाजिक नियन्त्र एवं व्यवस्था का अध्ययन :-

इसके अन्तर्गत सामाजिक नियन्त्रण एवं व्यवस्था सम्बन्धित विषय जैसे - रीतिरिवाज, प्रथा, परम्परा, कानून, धर्म, जननीतिया आदि का अध्ययन किया जाता है

Subject ______ Date : __/__/____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

गिन्सबर्ग के अनुसार :-

सामाजिक जीवन और व्यवस्था के लिए सामाजिक नियन्त्रण अतिआवश्यक है यह व्यक्तिगत और सामाजिक संगठन कि विभिन्न क्रिया और संरचनाओं का अध्ययन करता है जैसे - परिवार, धर्म, समाज और राजनीति।

सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन :-

समाजशास्त्र विभिन्न समय काल एवं परिस्थिति समाज में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करता है जैसे - तकनीकी, आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक संस्कृति परिवर्तन आदि इन परिवर्तनों का अध्ययन कर समाज कि व्याख्या कि जाती है।

- संक्षेप में स्पष्ट है कि समाज शास्त्र का उद्देश्य समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना और समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करना है ताकि समाज का सुधार एवं विकास हो सके

Subject ______ Date: __/__/____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Topic :- सार्वजनिक समाजवाद

- अमेरिकन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन :-

- सार्वजनिक समाजवाद को सर्वप्रथम हर्बट जे. गेन्स 1988 में ASA के अध्ययन सम्बोधन अमेरिका में समाजशास्त्र अनुष्ठान जनता में प्रयुक्त किया था। अहबर्ट जे. ने सार्वजनिक समाजवाद शब्द का प्रयोग किया जो आगे चलकर एक केन्द्र बिंदु बन गया। इसके पश्चात समाज शास्त्री बेनएगर ने पब्लिक सोशियोलॉजी फ्रॉम सोशल फैक्ट्स टू लिटरेरी एक्टस नामक पुस्तक लिखी जिसमें एक ऐसे समाज शास्त्र के बारे में बताया जो प्रमुख सार्वजनिक मुद्दों को सम्बोधित करता हो समाज शास्त्र क्या है और इसके लक्ष्य क्या होने चाहिए इसके बारे में गहरा अध्ययन किया है। संक्षेप में सार्वजनिक समाजवाद एक समाज शास्त्रीय प्रयास है जो समाजशास्त्र सूझान्ति और व्यवहारिक ज्ञान को सार्वजनिक जीवन में लागू करने का प्रयास करता है।

Q.1 उग्रवादी समाजवाद व विवेचनात्मक समाजवाद कि व्याख्या करें

Q.2 नव समाजवादी कि अवधारणा कि विवेचना करो?

Subject

Date : __/__/__

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Topic

## एक व्यवसायिक रूप मे समाजशास्त्र

एलेक्स इंकेल्स के अनुसार :- समाजशास्त्र एक मौलिक ज्ञान नहीं बल्कि अपने आप में एक व्यवसाय भी है। ज्ञान और व्यवसाय के अन्तर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने एक व्यवसाय के रूप में समाजशास्त्र कि उपयोगिता एवं अलग-अलग व्यवस्था मे इसके प्रयोग को स्पष्ट किया है इंकेल्स मे लिखा है कि जब हम ज्ञान कि किसी शाखा को एक बौद्धिक विशय के रूप में देखते है तो हमारा तात्पर्य केवल उन विचारो एवं सिद्धान्तो से होता है जिनके आधार पर उसे दूसरे विज्ञानो से अलग किया जा सकता है। इसके साथ ही बौद्धिक ज्ञान का सम्बन्ध तथ्यो को एकत्रित करने के लिए विभिन्न तरीको और उन्हे उपयोग मे लाने के तरीको से भी होता है, जब हम किसी व्यवसाय कि बात करते है तब हमारा तात्पर्य ज्ञान कि किसी शाखा का विभिन्न क्षेत्रो मे उपयोग करने से होता है किसी विषय के व्यवसाय के रूप मे समाजशास्त्र को ज्ञान कि उपयोगिता शाखा कहा जा सकता है वर्तमान समाज मे समाजशास्त्र कि व्यवस्था उपयोगिता मे तेजी से वृद्धि हुई है। इसके दूसरे क्षेत्रो के अतिरिक्त समाज कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न कार्यो में समाजशास्त्र कि व्यवसायिक उपयोगिता को आज सभी समाजशास्त्री किसी ना किसी रूप में स्वीकार करते है सामाजिक कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा ऐसे विषय है जिनके प्रति सभी कल्याणकारी राज्य आज से पहले कहीं अधिक जागरूक है तथा इनके कार्य क्षेत्र मे निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। इन क्षेत्रो में जहाँ समाज

Subject ________ Date : __/__/____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

शास्त्रीय ध्यानों का विषय में विशेष महत्व वही यह क्षेत्र समाजशास्त्र ध्यानों का विषय विशेष का ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों के लिए व्यवसाय रूप से बहोत महत्व पूर्ण है विभिन्न क्षेत्रों में समाजशास्त्र कि व्यवसाय उपयोगिता को समझने से पहले व्यवसाय तथा व्यवसाय शब्दों का अर्थ समझना अति आवश्यक है।

समाजशास्त्र में व्यवसाय कि उपयोगिता समझने से पहले व्यवसाय तथा व्यवसायिक शब्द के अर्थो को समझना आवश्यक है आक्सफोर्ड डिक्सनरी के अनुसार अंग्रेजी के शब्द Profession तथा व्यवसायिक है (occupation) व्यवसाय जीवन वृत (Career) अथवा कार्य कि दिशा line of luck इसका तात्पर्य है व्यवसायिक अर्थ केवल आर्थिक लाभ के लिए किए जाने वाले कार्य से नही होता बल्कि इसका सम्बन्ध प्रत्येक उस कार्य से है जिसे हम अपनी जीवन वृत Career बनाना चाहते है। अथवा जिसके द्वारा अपने कार्य कि विशेष दिशा का निर्धारण करते है जीवन वृत या कार्य कि दिशा का सम्बन्ध व्यक्ति कि रूची, क्षमता, प्रशिक्षण से होता है।

आक्सफोर्ड डिक्सनरी के अनुसार Profesional किसी भी ऐसे कार्य से है जिसे करने के लिए व्यक्ति अधिकृत हो जिसके लिए वह योग्य हो अथवा विशेष रूप से प्रशिक्षित हो इस प्रकार स्पष्ट होता है कि प्रशिक्षण, शिक्षण सामाजिक कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है जबकि व्यवसाय उपयोगिता मे बहोत वृद्धि हुई है वर्तमान मे इनसे सम्बन्धित कार्यो को पुरा करना केवल राज्य कि ही जिम्मेदारी नही बल्कि लोगो कि भूमिका महत्व भी बढता है

Subject

जो अलग- अलग क्षेत्रो मे विशेष रूप से योग्य और प्रशिक्षित है

★ विभिन्न व्यवसाय में समाजशास्त्र कि उपयोगिता :-

शिक्षण तथा प्रशिक्षण :- समाजशास्त्र मे प्रशिक्षण सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षण जैसे सम्मानित व्यवसाय मे लगा हुआ है। समाज शास्त्रीय व्यवसाय में व्यवसाय की उपयोगिता एक विशेष सेवा अर्पित करने के लिए प्रशिक्षण, दिया जाता है। समाज शास्त्र समाज शास्त्रीयो को प्रशिक्षित करना इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक प्रक्रियाओ को समझकर आवश्यकता के अनुसार मानवीय व्यवहार मे परिवर्तन ला सकता है।

अनुसंधान कार्य :- समाज शास्त्र का दूसरा व्यवसाय उपयोग अनुसंधान या शोध के क्षेत्र मे है। सामाजिक नीति का निर्धारण करने अथवा सामाजिक सेवाओ को व्यवहारिक रूप देने के लिए उनसे संबंधित लक्ष्य, साधन तथा उनके प्रभावो को जानना जरूरी है। वर्तमान मे बदलते परिवेश को देखते हुए सामाजिक दशाओ तथा लोगो की रूचियो को देखते हुए यह कार्य केवल सामाजिक शोध की सहायता से किया जा सकता है।

विकास कार्यक्रमों का मूल्यांकन :- विकास कार्यक्रमो का उद्देश्य एक ओर समाज के वंचित समूह कि दशा में सुधार करना होता है। जबकि दूसरी ओर उनके द्वारा समाज में एक ऐसा सन्तुलन विकसित करना होता है जिससे सम्पन्न तथा निर्धन लोगो के बीच कि खाई को कम किया जा सकता है।

Subject ______ Date: __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Ans1 उग्रवादी समाजशास्त्र (Radical sociology)

1960 के बाद अमेरिका मे जिस तरह के समाजशास्त्र का प्रथम विकास हुआ उसमें एक विशिष्ट शाखा उग्रवादी समाजशास्त्र के नाम से जानी गई उसके पूर्व का समाजशास्त्र परम्परागत समाजशास्त्र (Conventional Sociology) के नाम से जाना जाता है। सी राइट मिल्स (C. Wright Mills) द्वारा लिखित पुस्तक सोशियोलॉजिकल इमेजिनेसन मे सर्व प्रथम उग्रवादी समाजशास्त्र का उल्लेख किया गया। 1960 तथा 1970 ई. मे दो दशकों मे समाजशास्त्र में कुल बहुलवादी प्रवृतियो का प्रारम्भ होने लगा। युवा समाजशास्त्रियों ने परम्परागत समाजशास्त्री के स्थापित सिद्धान्तों एवं पद्धतियों कि आलोचना हुई जिसे आमूल परिवर्तनवादी समाजशास्त्री (Radical sociology) कहा जाता है सिंघी 1998 ने इसे उग्रवादी समाजशास्त्री कि संज्ञा दी तथा दोषी - त्रिवेदी 2004 ने इसे अतिवादी समाजशास्त्र कहा और गुल्डनर 1970 ने इसे परावर्ती (Reflexive) समाजशास्त्र कहा उग्रवादी समाजशास्त्र एक परिप्रेक्ष्य है। जिसकी प्रकृति मानवीय गुणो कि व्याख्या करता है पूर्व मे अमेरिका मे संरचनात्मक प्रकार्यात्मक उपागम (Structural functional approach) था जिसमें यथावत स्थिति का समर्थन किया जाता था वहा क्रान्तिकारी विचारधाराएं विकसित नहीं हो पाई थी। विभिन्न देशो मे आये हुए लोग अमेरिका मे बसे तथा विज्ञान व तकनीकि विकास के माध्यम से वैभव को प्राप्त किया एवं लम्बे अंतराल के बाद अन्त में क्रान्तिकारी विचारधारा का जन्म अमेरिका मे हुआ। इस विचारधारा मे यथावत स्थिति का प्रबल विरोध किया गया तथा समाज को बदलने कि कवायद कि जाने लगी उग्रवादी विचारक समाज

मे शीघ्रतिशील परिवर्तन चाहते थे गुल्डनर (Gouldiner) ने अपनी पुस्तक दी कमिंग क्राइसिज ऑफ वेस्टर्न सोशियोलॉजी (1970) मे बताया कि वह व्यक्ति जो साम्राज्यवाद का विरोधी है युद्ध को बर्बर मानता है एवं जो उत्पीड़न व अत्याचार का विरोधी है उसे उग्रवादी कि सज्ञा दी जाती है। अतः उग्रवादी समाजशास्त्र का उद्देश्य समाज को इस तरह से परिवर्तन करना है जिसमे समानता का विकास हो, शोषण का अन्त हो व वास्तविक स्वतंत्रता में वृद्धि हो हैगडोर्न एवं लेबॉविट्ज (Hagedorh and Cabowitz) ने उग्रवादी समाजशास्त्र को परिभाषित करते हुए बताया कि यह समाजशास्त्र औचित्य एवं नैतिक मूल्यांकन को महत्व देता है तथा दलित एव अन्यतायात (alenated) से जकड़े हुए लोगो के उत्थान के लिए कटिबद्ध है यह स्थापना समाजशास्त्र (Established sociology) का विरोध करता है। वाम पंथी राजनीति अभिमुखन के प्रति कटिबद्ध है एवं संघर्ष के प्रारूप के माध्यम से समाज का विश्लेषण करता है।

उग्रवादी समाजशास्त्र के आधार

- बाह्य सामाजिक तत्व
- आंतरिक शैक्षणिक तत्व

1. बाह्य सामाजिक तत्व :- 20 वी शताब्दी मे विज्ञान और तकनीकि विकास ने सामाजिक जीवन मे अभूतपूर्व परिवर्तन किए जिसके कारण विज्ञान को मनुष्य एव समाज कि प्रगति का मुख्य कारक माना जाने लगा, लेकिन विगत कुछ दशको से विज्ञान

Subject ____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

वाद के विरोध में प्रति संस्कृति का विकास हुआ है।

2 आंतरिक ~~शैक्षि~~ शैक्षणिक तत्व :-

गुल्डनर ने समाजशास्त्र के विकास की व्याख्या करते हुए बताया कि 1950-60 के मध्य समाजशास्त्र लोकप्रिय हो चुका था। समाजशास्त्र की पुस्तकें जनप्रिय साहित्य के रूप में लोकप्रिय हो चुकी थी।

सारांश :-

उग्रवादी समाजशास्त्र एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य है। उग्रवादी समाजशास्त्र परम्परागत व्यवस्था का विरोध है। एवं व्यवस्था में अनेक वर्गों के निहित स्वार्थों का विश्लेषण करते हुए वैकल्पित संरचना के निर्माण अभिरुचि रखता है

विवेचनात्मक समाजशास्त्र

यूरोप में ज्ञानोदय काल के उद्भव के पश्चात सुधारवादियों और मानवादियों ने धार्मिक ग्रन्थों धार्मिक आदेशों की खुली आलोचना प्रारम्भ कर दी।

इस आलोचना को Critic या Critical शब्द से संबोधित किया है।

विवेचनात्मक समाजशास्त्र का उद्भव "फ्रैंकफुर्त स्कूल" से हुआ फ्रैंकफुर्त स्कूल की स्थापना इसलिए की गयी क्योंकि इसके सदस्य क्लासिकल शास्त्री समाजशास्त्रीय सिद्धान्तों से असंतुष्ट थे तथा वे एक ऐसे समाजशास्त्रीय सिद्धान्त का निर्माण करना चाहते थे।

Subject ____________

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

## ☆ विवेचनात्मक समाजशास्त्र की स्थापना के कारण :-

1) कार्लमार्क्स ने सर्वहारा क्रान्ति के पश्चात् समाजवादी समाज कि भविष्यवाणी की थी, लेकिन इसी समय मैक्स वेबर ने "नौकरशाही का सिद्धान्त" प्रस्तुत किया जो यह मानता था कि आधुनिक समाज मूल रूप से पूंजीवादि समान है।

2) प्रथम विश्व युद्ध से पहले मुसोलिनी ने फासीवाद की स्थापना कि जिसके अनुसार पूंजीवाद मनुष्य का शोषण करता है। इसके अतिरिक्त अन्य कई कारण थे जिसके कारण फ्रैंकफुर्त स्कूल की स्थापना हुई। 1923 में जर्मनी के फ्रैंकफुर्त नगर में फ्रैंकफुर्ट स्कूल की स्थापना हुई।

विवेचनात्मक समाजशास्त्र के विकास का कार्य यूरोप व अमेरिका में दो चरणो में हुआ :-

1) प्रथम चरण :- यह 1932-51 के मध्य का काल है जिसमें जार्ज लुकास नामक सिद्धान्तकार का योगदान उल्लेखनीय है उन्होंने आधुनिक विवेचनात्मक सिद्धान्तों के साथ हीगल, मार्क्स और वेबर को जोड़ा। इसकी प्रमुख कृति है :- "History and Class Consciousness"

2) द्वितीय चरण :- यह 1960 के बाद प्रारम्भ हुआ जिसमे मैक्स होरखीमर तथा थियाडोर एडोर्नो का नाम प्रमुख है इन्होंने लुकाय की कृतियो का विश्लेषण कि।

Subject

निष्कर्ष :-

विवेचनात्मक समाजशास्त्र का प्रमुख उल्लेख समाज में सुधार व समाजवादी बदलाव को प्रोत्साहित करना है। इसका लक्ष्य है समाज के व्यावसायिक और सामाजिक संरचनाओं को परिवर्तित करने के उपायों की पेशकश करना ताकि समाज मे न्यायवादी बदलाव हो सके।

Q2 नव समाजशास्त्र की अवधारणा को समझाइए।

Ans नव समाजशास्त्र :-

मनुष्य एक संवेदनशील प्रणाली है तथा सभी घटनाओं पर उसकी भावनाओं व विचारों का प्रभाव पड़ता है वह किसी भी घटना का क्या अर्थ निकलता है उसे किस प्रकार समझता है यह अपने आप मे बहुत महत्वपूर्ण है।

→ नव समाजशास्त्र का महत्व :-

(i) सोशल मीडिया का प्रभाव :-

नव समाजशास्त्र यह अध्ययन करता है कि सोशल मीडिया और इंटरनेट कैसे सामाजिक संबंधों, आदर्शों और व्यवहार में परिवर्तन पैदा करता है यह विशेष रूप से युवा पीढ़ियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन पर कैसा प्रभाव डालता है। उसकी भाषा, सोच और सामाजिक संबंधो मे कैसे परिवर्तन लाता है का अध्ययन करता है।

Subject ____ Date : __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

(ii) जेंडर और लैंगिक पहचान :-

समाज मे लैंगिक और जेंडर पहचान के संबंध मे भी विशेष बदलाव हुए है कुछ परम्पराओ को छोडकर लोग अब जेंडर और लैंगिक पहचान के सवालो पर अधिक जागरूक हो रहे है।

(iii) डिजिटल क्रांति :-

डिजिटल क्रांति तकनीकी नवाचार के परिणामस्वरूप सामाजिक परिपेक्ष्य मे बदलाव लेकर आयी है। इंटरनेट, सोशल मीडिया, ई- कामर्स और स्मार्टफोन के uss के साथ हमारी जीवन शैली, रोजगार और संवाद की प्रक्रिया मे महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है

नव समाजशास्त्र के कुछ प्रमुख सिद्धान्तो मे शामिल है:-

1) सामाजिक निर्माण:-

नव समाज शास्त्र का तर्क है कि सामाजिक वास्तविकता सामाजिक रूप से निर्मित है, अर्थात यह लोगो द्वारा साझा की जाने वाली मान्यताओं और अर्थो से निर्मित होती है।

2) एजेंसी :-

नव समाजशास्त्र का तर्क है कि व्यक्तियों के पास सामाजिक संरचनाओ के भीतर कार्य करने की क्षमता है इसका मतलब है कि लोग केवल सामाजिक बलो के उत्पाद नही है।

3) शक्ति:-

नव समाजशास्त्र का तर्क है कि शक्ति सामाजिक

Subject ____ Date: __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

संबंधो में निहित है न कि व्यक्तियों या संस्थाओं में अर्थात् शक्ति को लोगो के बीच बातचीत के माध्यम से साझा जाना चाहिए।

4) ज्ञान :-

नव समाजशास्त्र के अनुसार ज्ञान सामाजिक रूप से निर्मित है और यह शक्ति संबंधो से जुड़ा है अर्थात ज्ञान को तटस्थ या वस्तुनिष्ठ नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि इसे उन सामाजिक और ऐतिहासिक सन्दर्भों को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए जिसमें इसका निर्माण किया गया था।

★ नव समाजशास्त्र के प्रमुख उदाहरण :-

(i) प्रतिकात्मक अंतः क्रियावाद :-

प्रतिकात्मक अतः क्रियावाद अंतः क्रियावाद का ऐसा स्वरूप है जिसमें कुछ संकेतो प्रतीको, चिन्हो आदि का प्रयोग सामाजिक दुनिया या व्यवहार को समझने हेतु किया जाता है।

(ii) नारीवादी समाजशास्त्र :-

नारीवादी समाजशास्त्र के अनुसार लिंग सामाजिक रूप से निर्मित है और यह सामाजिक असमानता और उत्पीड़न का एक प्रमुख स्रोत है। इस दृष्टिकोण से समाजशास्त्र को लिंग के आधार पर सामाजिक असमानता को समझने और चुनौती देने के लिए कार्य करना चाहिए।

(iii) उत्तर आधुनिक समाजशास्त्र :-

उत्तर आधुनिक समाजशास्त्र के अनुसार समाज तेजी से बदल रहा है और इस पर पारम्परिक समाजशास्त्रीय सिद्धान्त अब लागू नहीं होते है। इस दृष्टिकोण से समाजशास्त्र को इन परिस्थितियों को समझने के लिए नये तरीके सिद्धान्त विकसित करने की आवश्यकता है

Subject Unit III

Topic :- समाजशास्त्रीय पद्धतियाँ

समाजशास्त्र मे मुख्य रूप से चार पद्धतियाँ पायी जाती है -

1) ऐतिहासिक
2) उद्विकासीय
3) तुलनात्मक
4) अनुभाविक

- समाजशास्त्र अपनी पद्धतियों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाये रखते हुये परमाणिक निष्कर्षों तक पहुंचने मे बहुत कुछ सफल हो गया है।

मुख्यतौर पर समाजशास्त्री पद्धति को दो आधारो पर बांटा गया है।

1) गुणात्मक पद्धति :- जिन ~~पद्धतियो~~ पद्धतियो कि सहायता से अमूर्त तथ्यों का अध्ययन किया जाता है, उन्हे हि गुणात्मक पद्धति कहा जाता है।
समाजशास्त्र में अमूर्त तथ्यो या घटनाओ जैसे सामाजिक सम्बन्धो सामाजिक मूल्य, धारणाओ विश्वास प्रवृत्तियाँ आदि का अध्ययन करने के लिए गुणात्मक पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है समाजशास्त्र में प्रयुक्त गुणात्मक पद्धतियाँ निम्न है।

1) आगमन एवं निगमन पद्धति
2) व्यक्तिगत जीवन अध्ययन पद्धति
3) समाजमिति
4) सामाजिक दूरी का पैमाना
5) सामूहिक अध्ययन पद्धति

Subject ______ Date : __/__/____

MON TUE WED THR FRI SAT SUN

2) परिमाणात्मक पद्धति :-

मूर्त तथ्यों या घटनाओं का अध्ययन करने के लिए जिन पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है अर्थात् उन्हें परिमाणात्मक पद्धति कहते हैं। मुख्य तौर पर यह अध्ययन पद्धति निम्न है:-

(i) सामाजिक सर्वेक्षण पद्धति
(ii) सांख्यिकी पद्धतियां
(iii) ऐतिहासिक पद्धति
(iv) संरचनात्मक प्रकार्यात्मक पद्धति

Subject ______ Date: __/__/____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

## ऐतिहासिक पद्धति

इतिहास के द्वारा समाज कि सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक घटनाओं क्रमिक एवं व्यवस्थित अध्ययन करके हम सामाजिक जिवन में निरन्तरता और सामान्य धारा को समझ सकते हैं। समाज कि उत्पत्ति और विकास को समझने के लिए ऐतिहासिक पद्धति ही एकमात्र एकमात्र विधि है। समाजशास्त्र में एक ऐतिहासिक विधि का प्रयोग 19 वी सदी में होने लगा सन 1859 में डार्विन की पुस्तक Origin of The Species अर्थात जीवों की उत्पति के प्रकाशन के बाद से तो समाजशास्त्र एवं मानवशास्त्र में ऐतिहासिक विधि लगभग छा सी गई। और परिवार, विवाह, नातेदारी, धर्म, राजनैतिक एवं आर्थिक संस्थाओं के अध्ययन हेतु इस विधि का प्रयोग किया जाने लगा।

**ऐतिहासिक विधि को प्रयोग में लेने वाले विद्वानों के नाम :-**

(i) कॉम्टे
(ii) स्पेन्सर
(iii) समनर
(iv) दुर्खीम
(v) वेबर
(vi) सोरोकिन
(vii) ऑगबर्न
(viii) मिल्स
(ix) रेडफ्ड रैरो
(x) राधा कुमुद मुखर्जी
(xi) ए० आर देसाई
(xii) दुबे

**ऐतिहासिक पद्धति कि उत्पती :-**

अंग्रेजी का History शब्द Histaria से बना है जिसका अर्थ है सिखकर या बोलकर ज्ञान प्राप्त करना

Subject ______ Date : __/__/____ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

अर्थात ऐतिहासिक विधि का अर्थ है किसी घटना या समस्या के कारकों को उसके अतीत में खोजना दूसरे अर्थों में अतीत की सहायता से वर्तमान को समझना ऐतिहासिक विधि का मूलमंत्र है।

परिभाषाऐं :-

(i) श्रीमती पी०वी० यंग के अनुसार :- "ऐतिहासिक पद्धति आगमन के सिद्धान्तों के आधार पर अतीत की उन सामाजिक शक्तियों की खोज है जिन्होंने वर्तमान को ढाला है"।— किसी विशिष्टता के आधार पर व्यापक निष्कर्ष निकाले जाते हैं

(ii) रेडक्लिफ ब्राउन के अनुसार :- "ऐतिहासिक पद्धति वह विधि है जिसमें वर्तमान काल में घटित होने वाली घटनाओं को अतीत में घटित घटनाओं के धारा प्रवाह व क्रमिक विकास की एक कड़ी के रूप में मानकर अध्ययन किया जाता है।

संक्षेप में :- यह अतीत की सहायता से वर्तमान को समझने की विधि है

ऐतिहासिक विधि के स्रोत :- ऐतिहासिक पद्धति का मुख्य आधार ऐतिहासिक तथ्य है है जिनका संकलन विभिन्न स्रोतों द्वारा किया जा सकता है।

(i) लिखित सामाग्री :- जो प्रलेखो, शिलालेखों व प्राचीन सिक्कों एवं इमारतों पर दिये गये विवरण के रूप में उपलब्ध होते हैं।

Subject ______ Date : __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

(ग) भू वैज्ञानिकों के द्वारा खुदाई से प्राप्त वस्तुएं :- जैसे मूर्तियां, बर्तन एवं अन्य अवशेष आदि।

**ऐतिहासिक पद्धति के चरण :-**

ऐतिहासिक पद्धति का प्रयोग करने के लिए निम्नलिखित चरणों से गुजरना पड़ता है।

(i) **समस्या का चुनाव (selection of problem) :-**

इस विधि के द्वारा अध्ययन करते समय सर्वप्रथम समस्या का चुनाव किया जाता है। जिसका शोध करता अध्ययन करना चाहता है समस्या ऐसी होती है जिसका ऐतिहासिक विधि द्वारा अध्ययन संभव हो।

(ii) **सूचना स्रोतों का निर्धारण :-**

समस्या के चुनाव के बाद समस्या से सम्बंधित तथ्यों के स्रोतों को ज्ञात किया जाता है। अर्थात यह देखा जाता है कि ऐतिहासिक तथ्य किन ग्रन्थों पुस्तकालय संग्रहालय एवं अन्य स्थानों से प्राप्त हो सकते है। इन सभी कि जानकारी अध्यन से पहले ही प्राप्त कर ली जाती है।

(iii) **तथ्य संकलन :-**

सूचना स्रोतों का निर्धारण कर लेने के बाद उन स्रोतों के विषय से सम्बन्धित तथ्यों का संकलन किया जाता है।

Date : __/__/____
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

Subject ____________

(v) तथ्यो का वर्गीकरण :-

ऐतिहासिक पद्धति द्वारा अध्ययन का अगला चरण संकलित तथ्यो को अलग - अलग भागों मे बाटना जिससे की उनकी परस्पर तुलना की जा सके गुणात्मक एवं तथ्यात्मक (संख्यात्मक) तथ्यों को अलग एवं व्यक्ति व्यवस्थित किया जाता है।

(vi) विश्लेषण एवं व्याख्या :-

तथ्यों के वर्गीकरण के बाद उनका वैज्ञानिक एवं वस्तुनिष्ठ विश्लेषण एवं व्याख्या कि जाती है। जिसमें घटनाओं को कार्य कारण के आधार पर समझाया जाता है। अर्थात ऐसा करने से व्यक्तिगत पक्षपात से और निष्ठतापरक अध्ययन किया जाता है।

(vii) प्रतिवेदन का निर्माण :-

ऐतिहासिक पद्धति द्वारा अध्ययन का अंतीम चरण प्रतिवेदन लेखन है प्रतिवेदन लिखते समय बोधगम्य वस्तुनिष्ठ एवं रोचक भाषा शैली का प्रयोग किया जाना चाहिए।

(viii) ऐतिहासिक पद्धति का महत्व :-

सामाजिक अनुसंधान कार्ता जो वर्तमान का विश्लेषण करते समय अतीत की उपेक्षा करता है और बहोत बडा जोखिम उठाता है। इसलिए हमें अतीत के समाज का ज्ञान करता है जिसकी कोई भी सामाजिक वैज्ञानिक अवेहलना नही कर सकते। अनेक समाजशास्त्रीयों ने अपने अध्ययन मे ऐतिहासिक समाजशास्त्र का उदय हुआ इसकी उपयोगिता का महत्व निम्न प्रकार से है।

(1) विकासीत घटनाओं का अध्ययन :-

ऐतिहासिक विधि के द्वारा हम

Subject ______ Date: __/__/__ MON TUE WED THR FRI SAT SUN

सकती है कि हम किसी विशेष घटना या संस्था के पास घटने या उदय होने, उसकी उत्पत्ति और विकास को तथा उसे जन्म देने वाली परिस्थितियों को ज्ञात कर सकते हैं अतीत के माध्यम से ही हम वर्तमान को अच्छी तरह समझ सकते हैं व्हाइटहेड ने लिखा है "वर्तमान में उभरती हुई प्रत्येक विशेषता में उसका सम्पूर्ण अतीत होता है और साथ ही उसके भविष्य का बीज भी छिपा रहता है।" अतीत अनुभवों का भण्डार होता है जिसके माध्यम से हम वर्तमान को भली भांति समझ सकते हैं। विकासशील घटनाओं के विकासक्रम में आने वाले परिवर्तनों के अध्ययन के लिए यही विधि सर्वश्रेष्ठ है। समाजों, सभ्यताओं एवं संस्थाओं की उत्पत्ति परिवर्तन एवं विकास को समझने में यह विधि अत्यन्त उपयोगी है।

(2) सामाजिक - सांस्कृतिक परिवर्तनों का अध्ययन :- ऐतिहासिक विधि के द्वारा हम सामाजिक - सांस्कृतिक परिवर्तनों की प्रक्रिया को सरलता से समझ सकते हैं। समाज वैज्ञानिक की विशेष रुचि परिवर्तन को ज्ञात करने में होती है जब सामाजिक संस्थाओं एवं परिस्थितियो में परिवर्तन आता है तो उनके प्रभाव के कारण सामाजिक संगठन एवं संरचना भी परिवर्तित होती है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया का अध्ययन ऐतिहासिक विधि द्वारा ही संभव है।

3 अतीत के प्रभाव का मूल्यांकन :- ऐतिहासिक पद्धति के द्वारा हम किसी भी समाज पर भूतकालीन प्रभाव के महत्व का मूल्यांकन कर सकते हैं। अतीत के प्रभाव से कोई भी समाज मुक्त नहीं होता है लेकिन परम्परागत समाजों एवं प्राचीन संस्कृति वाले समाजो का अध्ययन उस समय तक अपूर्ण ही रहेगा जब तक उन पर पड़ने वाले अतीत के प्रभाव का मूल्यांकन नहीं कर लिया जाता। जिस समाज का इतिहास जितना लम्बा होता है, उस पर अतीत का

प्रभाव भी उतना ही गहन होता है। जिसका अध्ययन ऐतिहासिक पद्धति से ही सम्भव है।

(4) **समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण की व्यापकता** :- समाजशास्त्र की अन्य विधियाँ सामाजिक घटनाओं को विभिन्न छोटी छोटी इकाईयों में बाट कर उनका सूक्ष्मता से अध्ययन करती हैं जबकि ऐतिहासिक पद्धति सामाजिक घटनाओं को उनकी समग्रता एवं सम्पूर्णता में देखती हैं। इस प्रकार यह विधि समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण को व्यापकता प्रदान करती है। इसके द्वारा समग्रवादी अध्ययन किये जा सकते है।

(5) **सामाजिक शक्तियों का अध्ययन** :- ऐतिहासिक पद्धति द्वारा हम उन सामाजिक शक्तियो का अध्ययन कर सकते है जिन्होंने वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के निर्माण में योगदान किया है। अतीत के अध्ययन से ही हम वर्तमान के रहस्यों को जान सकते है। अंग्रेज दार्शनिक बर्नार्ड शा (Bernard Shaw) ने लिखा है, " अतीत समूह के पीछे नहीं होता वरन समूह में विद्यमान होता है। आप बीते हुए कल से भिन्न अवश्य ही है परन्तु यह कल ही है जिसने कि आज को ढाला है और यही बीता हुआ कल व आने वाले कल को अवश्य प्रभावित करेगा।" इस प्रकार वर्तमान व्यवस्था का निर्माण करने वाली सामाजिक शक्तियों के प्रभाव एवं क्रम विकास का अध्ययन ऐतिहासिक विधि द्वारा सफलता से किया जा सकता है।

**ऐतिहासिक पद्धति की सीमाएं** :- (Limitations of Historical Method)

(1) **विश्वसनीय सामग्री का अभाव** :- ऐतिहासिक विधि की सबसे बड़ी सीमा यह है कि जिन स्रोतों द्वारा तथ्यों का संकलन किया जाता

Subject

Date : __/__/__
MON TUE WED THR FRI SAT SUN

है, उन्हें प्रमाणिक एवं विश्वसनीय कैसे माना जाए। अधिकांश ऐतिहासिक विवरण अतिशयोक्तिपूर्ण, पक्षपातपूर्ण एवं बना-बता कर लिखे होते हैं।

(2) रिकार्ड रखने के दोषपूर्ण तरीके :- इस विधि में एक कठिनाई यह भी है कि ऐतिहासिक तथ्यों के रिकार्ड व्यवस्थित तरीके से नहीं रख पाते।

(3) प्रलेखों का बिखराव :- ऐतिहासिक विधि का एक दोष यह भी है कि इसमें दस्तावेज इधर-उधर बिखरे होते हैं वे एक ही स्थान पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

(4) तथ्यों या घटनाओं की परीक्षा व पुनरावृति असम्भव :- ऐतिहासिक घटनाओं का सम्बन्ध भूतकाल से होता है जिनकी न पुनरावृति हो सकती है और न ही उनका अवलोकन ही किया जा सकता है उन्हें केवल तार्किक आधार पर समझा जा सकता है।

(5) गणना और माप सम्भव नहीं :- चूंकि ऐतिहासिक तथ्यों एवं घटनाओं का सम्बन्ध भूतकाल से होता है जिनकी अतः उनका वर्णन ही किया जा सकता है उनका सांख्यिकी विधि द्वारा माप सम्भव नहीं है।

(6) एकरूपता का अभाव :- ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में विभिन्न इतिहासकारों के विचारों में एकरूपता नहीं पायी जाती है। उनकी मत-भिन्नता के कारण सही स्थिति क्या रही, यह जानना एक

कठिन कार्य है।

(7) आधुनिक समाजो के लिए अनुपयुक्त :- ऐतिहासिक पद्धति द्वारा हम अतीत के समाजो का अध्ययन कर सकते है किन्तु वर्तमानकाल की अनेक समस्यों का सम्बन्ध तात्कालिक घटनाओ से है। का अध्ययन इस पद्धति द्वारा नही कर सकते है।

(8) पक्षपात की सम्भावना :- ऐतिहासिक विधि से अध्ययन करने मे व्यक्तिगत पक्षपात की अधिक सम्भावना रहती है क्योकि प्रत्येक इतिहासकार घटना को अपने दृष्टिकोण से देखता है और इसकी व्याख्या व निष्कर्ष उसके अपने होते है।

(9) काल्पनिक तथ्यो का प्रयोग :- ऐतिहासिक पद्धति मे प्राचीन घटनाओ, समाजो, संस्थाओ एवं संस्कृतियो का अध्ययन किया जाता है। कई बार हमे इनकी प्रारम्भिक स्थिति के बारे मे कोई प्रमाण उपलब्ध नही होते है। ऐसी स्थिति मे शोधकर्ता उनके बारे मे काल्पनिक अनुमान ही लगा जाते है। उसके अध्ययन को अवैज्ञानिक एवं दोषयुक्त बना देता है। उपर्युक्त दोषो के होते हुए भी इस विधि का उपयोग समाज विज्ञानों मे वर्तमान की घटनाओ को अतीत से जोड़ने एवं समाज संस्थाओ एवं संस्कृतियो के उद्भव एवं विकास को जानने के लिए किया जाता रहा है।

ऐतिहासिक पद्धति का समाजशास्त्र मे प्रयोग : कुछ उदाहरण

समाजशास्त्र मे ऐतिहासिक पद्धति का प्रयोग करने वाले विद्वानो की एक लम्बी सूची है किन्तु उनमे से कुछ प्रमुख इस प्रकार है:

Subject ____  Date : __/__/__  MON TUE WED THR FRI SAT SUN

ऑगस्ट कॉम्ट ने समाज के विकास की व्याख्या इसी पद्धति के आधार पर करते हुए समाज के विकास को मानव बौद्धिक विकास से जोड़ा और कहा कि प्रत्येक समाज विकास के तीन स्तरों से गुजरता है- धार्मिक अवस्था, तात्विक अवस्था एवं वैज्ञानिक अवस्था।

हरबर्ट स्पेन्सर ने भी समाज के विकास, उसमें आने वाली कठिनाइयां, विकास के चरणों एवं प्रकार्यों की व्याख्या ऐतिहासिक पद्धति के आधार पर की है।

मैक्स वेबर ने आधुनिक पूंजीवाद के उदय और उस पर धर्म के प्रभाव की कार्य-कारण के आधार पर व्याख्या इसी विधि के आधार पर की है।

वेस्टरमार्क ने अपनी पुस्तक 'History of Human Marriage' में मानव विवाह के इतिहास को प्रकट किया है।

ओपनहीमर ने अपनी कृति 'The State' में सी. राइट मिल्स ने अमेरिका के सफेदपोश अपराधियों का तथा रेमण्ड ऐरो ने संघर्ष एवं युद्ध का ऐतिहासिक विवेचन किया है। कार्ल मार्क्स ने मानव इतिहास की भौतिक व्याख्या प्रस्तुत की। उनका द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद भी इस विधि पर आधारित है।

Unit - III

PAGE NO.:
DATE: / /

Lesson - 7

Topic :- समाज

परिभाषा :-

समाज शास्त्र में प्राथमिक अथवा मौलिक अवधारणाएं है, इन्हे प्राथमिक अवधारणा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि किसी भी समाज शास्त्र का विवेचन इनका महत्वपूर्ण आधारभूत होता है। प्रस्तुत विवेचन सर्वप्रथम समाज की सबसे महत्वपूर्ण अवधारणा समाज की प्रकृति स्पष्ट करना है।

समाज का अर्थ :-

समाज शास्त्र में समाज का तात्पर्य व्यक्तियों के किसी समूह अथवा संगठन से नहीं होता है, बल्कि व्यक्तियों के बीच पाये जाने वाले सम्बन्धों की व्यवस्थाओं को ही हम समाज कहते है

परिभाषा → मैकाइवर व पेज के अनुसार :-

समाज रीतियां कार्य विधियां, अधिकार और परास्परिक सहायता अनेक समूह उप विभाग मानव व्यवहार के नियन्तरण तथा स्वतंत्रता की व्यवस्था यह सामाजिक सम्बन्धो का जाल है तथा सदैव परिर्वतन होता रहता है।

- रिति रिवाज,
- कार्यप्रणालियां
- अधिकार
- पारस्परिक सहयोग
- सामाजिक विभाग
- व्यवहार के नियंत्रिक
- स्वतन्त्रता

PAGE NO :
DATE : / /

→ गिडिंगंस के अनुसार :-
समाज स्वंय में एक संघ अथवा संगठन है, अथवा औपचारिक सम्बन्धो का ऐसा योग है। जिसमें सहयोग देने वाले लोग पारस्परिक सम्बन्धों द्वारा जुडे होते है।

→ गिन्सवर्ग के अनुसार :-
समाज ऐसे व्यक्तियों का समूह है, जो अनेक सम्बन्धों और व्यवहार कि विधियों द्वारा संगठित है, तथा उन व्यक्तियों से भिन्न है जो इस प्रकार के सम्बन्धों द्वारा बन्धे हुए नही है। अथवा जिनके व्यवहार उनसे अलग है

समाज कि विशेषताएं अथवा लक्षण :-

समाज अमूर्त है :-
समाज की सबसे बडी पहली व्यवस्था यह है कि यह एक अमूर्त व्यवस्था है। समाज का निर्माण जिन पारस्परिक सम्बन्धो और अन्त: क्रियाओ से होता है उन्हे हम ना तो देख सकते है

→ समाज सामाजिक सम्बन्धो का जाल :-
मेकाइवर ने समाज की प्रकृति को एक मकड़ी के जाल के समान बताया है।

→ जिस प्रकार एक जाल के सभी तार व्यवस्थित क्रम मे एक-दूसरे से जुडे रहते है, उसी तरह परिवार, आर्थिक संघ, राज्य संघ तथा धार्मिक समितियो मे विभिन्न प्रकार कि क्रियाएं करते हुए व्यक्ति भिन्न सम्बन्धो कि स्थापना करते है।

→ पारस्परिक जागरूकता :-
सामाजिक सम्बन्धो की स्थापना करने वाले लोगो की पारस्परिक जागरूकता को डेविस ने समाज की एक प्रमुख विशेषता के रूप मे प्रकट किया है। वास्तव मे सभी सम्बन्धो को दो भागो मे बांटा गया है।

प्रथम :-
वह जिन्हे हम देख सकते है। जैसे आग और धुंए का संबंध अथवा दिवार और चित्र का सम्बन्ध ऐसे सम्बन्धों को हम भौतिक सबंध कहते है।

दुसरी :-
दुसरी तरफ के सम्बन्ध कुछ लोगो के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष के सम्बन्धो की स्थापना व्यक्ति द्वारा जागरूकता के दौर मे कि जाती है। इन सम्बन्धों को सामाजिक सम्बन्ध कहा जाता है। इस प्रकार पिता-पुत्र, पति-पत्नी, मालिक-मजदूर, अध्यापक-विद्यार्थी आदि।

⇒ समाज में समानता तथा भिन्नता का समावेश :-
समानता का तात्पर्य एक समाज के सदस्यों के लगभग समान दृष्टिकोण और समान उद्देश्य का होना, समानता पैदा करती है, की यह भावना व्यक्तियों में पारस्परिक जाग-

एकता पैदा करती है, और उन में यह चेतना उत्पन्न करती है।

⟹ समाज में सहयोग और संघर्ष का समावेश :-

समाज के निर्माण में सहयोग और संघर्ष दो प्रमुख तत्व है। इसका तात्पर्य यह है कि कोई भी समाज ऐसा नहीं मिलेगा जिसमें सहयोग और संघर्ष की विशेषताएँ साथ-साथ चलती है। व्यक्ति अकान्त परिस्थितियों में जहाँ पर एक और कुछ लोग तरह-तरह के सहयोग देते है। वही कुछ उनका दृष्टिकोण संघर्ष प्रतियोगिता, ईर्ष्या का सहयोग होता है।

समाज परिवर्तन शील :-

